आत्मनिर्भर भारत

मानगो नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत

# पीएम स्वनिधि

के तहत

## 21 पथ विक्रेताओं को दिया गया ऋण

**वर्तमान में 2800 लाभुकों को योजना का लाभ देने का है लक्ष्य**

पहल

**मानगो नगर निगम क्षेत्र के सभी बैंकों को 28 फरवरी तक आवेदन स्वीकृति करने को कहा**

## मानगो के 21 पथ विक्रेताओं को पीएम स्वनिधि से लोन

प्रभात खबर इंपैक्ट

**वरीय संवाददाता, जमशेदपुर**

पंजाब नेशनल बैंक डिमना शाखा ने मानगो नगर निगम के 21 पथ विक्रेताओं को पीएम स्वनिधि योजना के तहत लोन प्रदान किया है. 22 फरवरी को प्रभात खबर ने 'पीएम स्वनिधि योजना से लोन लेने के इंतजार में हैं मानगो के 1100 लाभुक' शीर्षक से खबर प्रकाशित की गयी थी. खबर प्रकाशित होने पर मानगो नगर निगम के कार्यपालक पदाधिकारी दीपक सहाय की पहल पर पंजाब नेशनल बैंक डिमना शाखा की ओर से पीएम स्वनिधि के आवेदकों को लोन देने के लिए शिविर लगाया. इस दौरान लंबित आवेदनों की जांच के उपरांत 21 पथ विक्रेताओं को पीएम स्वनिधि योजना के तहत लोन देने की स्वीकृति शुरू की. निगम के कार्यपालक पदाधिकारी दीपक सहाय ने बताया कि अब तक 1000 से ज्यादा आवेदन विभिन्न बैंकों में लंबित



लोन मिलने के बाद पथ विक्रेता.

हैं. पंजाब नेशनल बैंक और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में सर्वा... हैं. मानगो निगम क्षे... 28 फरवरी तक स... स्वीकृत करने को... अवसर पर पंजाब... प्रबंधक, सहायक... देवाशीष कुमार, प्रबंधक निर्मल कु... हांसदा आदि उप...

**फुटपाथी दुकान... हैं आवेदन : दीप...**

पदाधिकारी दीप... योजना का लाभ... कार्यालय आव... मानगो में 280... लाभ देने का ...

**सड़क पर बहा रहे तीन**

## पीएम स्वनिधि के लिए बैंको को कैंप करने का निर्देश



**जमशेदपुर** : पीएम स्वनिधि के तहत लंबित आवेदनों के निष्पादन के लिए बैंकों में कैंप करने के निर्दश दिए गए हैं. पंजाब नेशनल बैंक के द्वारा आज 21 पथ विक्रेताओं को योजना का लाभ दिया गया.पीएम निधि योजना के तहत पथ विक्रेताओं को योजना का लाभ दिलाने हेतु इनके आवेदनों को विभिन्न बैंकों में भेजा गया. कार्यपालक पदाधिकारी ने बताया अब तक 1000 से ज्यादा आवेदन विभिन्न बैंकों में लंबित हैं. जिसमें पंजाब नेशनल बैंक एवं स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में सर्वाधिक आवेदन लंबित है. इस क्रम में आज पीएम स्वनिधि योजना के तहत पंजाब नेशनल बैंक डिमना रोड शाखा से आज कुल 21 पथ विक्रेताओं को योजना का लाभ दिया गया एवं 10000 लोन के लिए संवितरण करने संबंधी प्रोसेस कर स्वीकृत किया गया. इस अवसर पर पंजाब नेशनल बैंक के शाखा प्रबंधक, सहायक शाखा प्रबंधक देवाशीष कुमार, सीओ नदीम,सीआरपी रोमानी हसदा आदि उपस्थित थे.

**नगरीय प्रशासन निदेशालय, नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखंड सरकार**